# न्यायालय कलेक्टर, जिला– अनूपपुर (म0प्र0)

क्रमांक–59 /अ–19(3)/2019–20
कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई अनूपपुर (म0प्र0) ............. आवेदक

विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन ..................... अनावेदक

(आदेश पारित एवं घोषित दिनांक 26/02/2021)

आवेदक कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा ग्राम चचाई आबाद तहसील अनूपपुर की 05 किता रकवा 6.171 हे. भूमि वनविभाग को हस्तान्तरित किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया । आवेदन के साथ मण्डलाधिकारी, वनमण्डल अनूपपुर का पत्र क्र0 4149 दिनांक 14.10.2019 की प्रति संलग्न की गई

प्रश्नाधीन भूमियों के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में तहसीलदार अनूपपुर से जांच प्रतिवेदन प्राप्त है। तहसीलदार अनूपपुर का प्रतिवेदन क्रमांक–405/प्रवा.तह./2020 दिनांक 22.01.2021 प्रेषित कर प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम चचाई आबाद तहसील अनूपपुर की निम्नानुसार 06 किता रकवा 6.171 हे. भूमि वन विभाग के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रतिवेदित किया गया है ।

3/ तहसीलदार अनूपपुर के प्रतिवेदन के आधार पर, म0प्र0जा0कं0लिमिटेड चचाई को आवंटित वन विभाग की भूमि के बदले ग्राम चचाई आबाद तहसील अनूपपुर की निम्नानुसार राजस्व अभिलेख खसरे में म0प्र0पा0ज0कं0लिमिटेड चचाई के नाम अंकित 6.171 हे. भूमि म0प्र0 शासन राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड–44 क्रमांक–1 की कंडिका–36 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरित किये जाने का आदेश दिया जाता है :–

| ग्राम का नाम | तहसील | ख0नं0 | कुल रकवा (हे.में) | हस्तान्तरित रकवा (हे.में) |
|---|---|---|---|---|
| चचाई आबाद | अनूपपुर | 83 | 2.948 | 0.833 |
| | | 84 | 0.419 | 0.419 |
| | | 85 | 1.697 | 0.361 |
| | | 86 | 0.684 | 0.050 |
| | | 275 | 4.681 | 4.508 |
| योग– | | 06 किता | 10.884 | 6.171 |

तहसीलदार अनूपपुर उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त कर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। आदेश की प्रति सम्बन्धितों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित किया जाय । प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है, संचित अभिलेखागार किया जाय ।

आज दिनांक 26/02/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आदेश पारित एवं घोषित किया गया ।

कलेक्टर
जिला– अनूपपुर (म0प्र0)

क्रमांक– 59 /अ–19(3)/20–21 अनूपपुर, दिनांक 26/02/2021

प्रतिलिपि–

1. सचिव, म0प्र0 शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल ।
2. आयुक्त, शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0) ।
3. वन मण्डलाधिकारी, अनूपपुर जिला अनूपपुर (म0प्र0) ।
4. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनूपपुर जिला अनूपपुर ।
5. कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई जिला अनूपपुर (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ ।
6. तहसीलदार तहसील अनूपपुर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि आदेशानुसार प्रश्नाधीन शासकीय भूमि के राजस्व अभिलेख खसरे में संशोधन कर भूमि का अधिपत्य वन विभाग अनूपपुर को प्रदाय कर संशोधित खसरे की प्रति पालन प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करने हेतु ।

कलेक्टर
जिला– अनूपपुर (म0प्र0)

अनूपपुर (म0प्र0)

न्यायालय कलेक्टर जिला-अनूपपुर (म.प्र.)